हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 जून 2024

12 कार्यकर्ता लोस की तरह विधानसभा चुनावों में भी करें काम: सैलजा



12 योग से होगा सब समस्याओं का समाधान: योग सहायक



## खबर संक्षेप

### खाते से हजारों की राशि चुराई, मुकदमा दर्ज

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से हजारों रुपये की राशि चोरी कर ली। इस बारे पीड़ित व्यक्ति ने सदर रतिया पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खाई निवासी सुरेश कुमार ने कहा है कि उसने एचडीएफसी बैंक से क्रेडिट कार्ड लिया हुआ है। उसने कहा कि गत दिवस उसके क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग ट्रांजेक्शन से कुल 28 हजार 771 रुपये निकल गए है। उसने न तो यह रुपये निकाले और न ही किसी को अपना ओटीपी बताया है।

### नंगल में मकान से हजारों की गेहूं चोरी

**फतेहाबाद।** गांव नंगल में एक युवक मकान में घुसकर गेहूं चोरी कर ली। इस बारे सदर रतिया पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नंगल निवासी अमरीक सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह मकान को ताला लगाकर अपने परिवार के साथ मजदूरी करने चला गया था। शाम को जब वह वापस घर लौटा तो देखा कि उसके मकान के दरवाजे खुले हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। चोर उसके मकान से गेहूं के दो कट्टे चोरी कर ले गया था।

### दुर्घटनाओं को रोकने को कदम उठाए विभाग

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश के पूर्व प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर विपिन मंगल से संपर्क साधकर उन्हें डबवाली क्षेत्र से होकर अमृतसर जामनगर की दिशा में जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कारगर उपाय करने का आग्रह किया है। दिग्विजय ने मंगलवार को अपने डबवाली दौरे के दौरान नेशनल हाइवे के अधिकारियों से फोन पर संपर्क साधकर कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से ऐलनाबाद व मांगेआना मार्ग पर कोई चौक अथवा कोई ऐसा चिह्न अंकित करें ताकि वाहन चालक सजगता से अपना सफर कर सकें क्योंकि हाईवे पर आने वाले वाहनों की गति काफी तीव्र होती है ।

### बकाया मुआवजे को लेकर सौंपा चेतावनी पत्र

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंदर सिंह की अध्यक्षता में किसानों ने मंगलवार खरीफ -2020 का बकाया मुआवजे को लेकर उपायुक्त सिरसा को मुख्यमंत्री के नाम चेतावनी पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ अंग्रेज सिंह कोटली, गुरपिंद्र सिंह काहलो, गुरजीत सिंह मान, तलविंद्र सिंह सोखी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि खरीफ -2020 का बकाया मुआवजा लंबे समय किसानों को नहीं दिया गया है। जनवरी 2023 में हरियाणा सरकार ने सिरसा जिले की चार तहसीलों, जिसमें सिरसा तहसील का 93.48 लाख, कालांवाली तहसील का 18.20 करोड़, डबवाली तहसील का 28.57 करोड़, गोरीवाला तहसील का 17.20 करोड़ मुआवजा जारी किया था।

### मकान के ताले तोड़कर 1 लाख व सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव तलवाड़ा में एक मकान के ताले तोड़कर वहां से एक लाख की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। जाखल पुलिस को दी शिकायत में गांव तलवाड़ा निवासी गुरजंट सिंह ने कहा है कि उसके लड़के की मौत के बाद वह अपनी पत्नी के साथ अपनी लड़कियों के पास जाते रहते हैं। गत दिवस भी दोनों पति-पत्नी अपनी लड़की से मिलने गांव जाबतेवाला खेड़ा में गए थे। जब वह वापस घर आए तो उन्होंने देखा कि घर की लोबी के गेट का ताला टूटा हुआ था अज्ञात चोर अलमारी से 1 लाख रुपये की नकदी के अलावा एक इन्वर्टर व दो बैटरियां चोरी कर ले गए हैं।

# बलराज उर्फ गोली की हत्या करने के मामले का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपित गिरफ्तार

**अन्य को काबू करने के लिए अलग-अलग 5 टीमें गठित**

### बलराज की हत्या के बाद उसके परिजनों ने लाल बत्ती चौक पर रोड जाम कर दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सतीश कालोनी के समीप बलराज उर्फ गोली नामक युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले का पर्दाफाश करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पकडे. गये आरोपियों की पहचान प्रवीण कुमार उर्फ गांधी पुत्र मान सिंह निवासी खान मोहम्मद, रवि कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी स्वामी नगर फतेहाबाद व लवकुश उर्फ लवली पुत्र इंद्राज निवासी रामसरा के रूप में हुई है।

बता दें कि बलराज की हत्या के बाद उसके परिजनों द्वारा लाल बत्ती चौक पर रोड जाम कर दिया था वहीं शहर में कई जगह तोड़फोड़ भी हुई थी। इस घटना के बाद शहर में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

डीएसपी जयपाल सिंह ने बताया कि 15 जून को अपैक्स स्कूल के सामने, शनि मंदिर के पास, सतीश कॉलोनी फतेहाबाद में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों द्वारा बलराज उर्फ गोली पर रंजिशन गोली चलाई थी। हमले के समय उसकी पत्नी भी उसके साथ थी लेकिन वह बाल-बाल बच गई।

**आरोपियों पर पुलिस कर रही है सख्त कार्रवाई**

इस हमले में गंभीर रूप से घायल बलराज को उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। डीएसपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी और अहम सबूत इकट्ठा कर मामले को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला अंकित किया गया। इस मामले में आरोपियों को काबू करने के लिये पुलिस की अलग-अलग 5 टीमें गठित की गई। गठित पुलिस टीमें आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाती हुए प्रवीण कुमार उर्फ गांधी व रवि कुमार को 16 जून को काबू कर लिया। दोनों आरोपियों का कोर्ट में पेश करके चार दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस ने रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों की शिनाख्त पर मामले में वांछित तीसरे आरोपी लवकुश उर्फ लवली को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये तीनो आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी व मामले में अन्य वांछित अपराधियों को भी जल्द ही जेल की सलाखो के पीछे भेजा जाएगा।



**फतेहाबाद।** पुलिस हिरासत में गोली हत्याकांड के तीनों आरोपी।

### पेपर देने कॉलेज आई छात्रा लापता

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के कॉलेज में पेपर देने आई एक छात्रा के लापता होने का समाचार है। इस बारे छात्रा के परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़ोपल निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी लड़की गत दिवस पेपर देने के लिए फतेहाबाद के कॉलेज में गई थी। उसने अपनी लड़की को कॉलेज में छोड़ा और किसी काम से फतेहाबाद शहर चला गया। पेपर होने के समय करीब एक बजे जब वह वापस कालेज गया औश्र काफी इंतजार के बाद भी उसक लड़की नहीं मिली। इसके बाद वह घर गया तो पाया कि उसकी लड़की घर भी नहीं आई थी। इस पर उसने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ उसका कुछ पता नहीं चला है।


### ग्रुप बी की 40 नहरों में 24 जून से आएगा पानी, प्रत्येक ग्रुप को 16 दिन मिलेगा पानी

# धान बिजाई का सीजन शुरू होते ही पानी की डिमांड बढ़ी

**23 जून रात को ग्रुप बी की 40 नहरों में पानी आना शुरू हो जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

खरीफ की फसलों की बिजाई का काम शुरू होते ही पानी की डिमांड बढ़ने लगती है। दरअसल, इस बार 28 सालों बाद तापमान 47 डिग्री के पार चल रहा है। ऐसे में धान की बिजाई के बाद पानी खेत में खड़ा रहना जरूरी है। इसके लिए सिंचाई विभाग ने 23 जून की रात से गुरप बी चलाने का फैसला किया है। 23 जून रात को ग्रुप बी की 40 नहरों में पानी आना शुरू हो जाएगा। इससे किसानों को 16-16 दिन पानी सिंचाई के लिए मिलेगा। इस बार पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय रहने व ग्लेशियर पिघलने से भाखड़ा डैम में पानी का स्तर अच्छा है। नंगल स्थित गोबिंद सागर डैम में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते जिले में खरीफ की फसलों के लिए दो गुरप बना दिए गए हैं। इनमें से प्रत्येक गुरप को 16 दिन पानी मिलेगा वहीं 16 दिन नहरें बंद रहेंगी। अब धान में पानी की डिमांड को देखते हुए जिले में 4 मार्च से बी गुरप की नहरों में सुचारू रूप से पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी, जो 16 दिन तक चलेंगी। फसलों के लिए कुल 3735 क्यूसिक पानी की आपूर्ति की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार दिसम्बर के बाद अब तक पर्याप्त बरसात न होने के कारण पानी की जरूरत महसूस की जा रही है। हालांकि मौसम विभाग ने 19 जून रात से 21 जून तक बादलवाई की भविष्यवाणी कर रखी है लेकिन सिंचाई विभाग ने पर्याप्त पानी सप्लाई के भी प्रबंध किए हैं। 23 जून रात को बी गुरप की छोटी-बड़ी 40 नहरों, रजवाहों में पानी आना शुरू हो जाएगा। इसमें मुख्य रूप से भाखड़ा मुख्य लाइन के तहत आने वाली धनौरी फीडर, टोहाना डिस्ट्रीब्यूटरी, कालवान फीडर, धमतान रजवाहा, फतेहाबाद, समैण और पिरथला डिस्ट्रीब्यूटरी शामिल हैं। ऐसे ही भाखड़ा मुख्य ब्रांच के तहत पड़ने वाली रतिया ब्रांच, धारसूल डिस्ट्रीब्यूटरी, घग्गर डिस्ट्रीब्यूटरी, रतनगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी व बादलगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी के माइनर शामिल हैं। फतेहाबाद ब्रांच सिस्टम के तहत पड़ने वाली नहरें चितैण माइनर, गाजूवाला लिंक चैनल, गोरखपुर डिस्ट्रीब्यूटरी, पाबड़ा चैनल, दहमन डिस्ट्रीब्यूटरी, खजूरी माइनर, सिवानी माइनर, दहमन लिंक, न्यू खजूरी माइनर, न्यू साबरवास माइनर, सिद्धमुख फीडर, किशनगढ़ ब्रांच, न्यू मोहम्मदपुर डिस्ट्रीब्यूटरी, बड़ोपल लिंक माइनर, आदमपुर डिस्ट्रीब्यूटरी, धांगड़ माइनर, बीघड़, बनावाली, खेड़ी डिस्ट्रीब्यूटरी, सूलीखेड़ा, डिंग लिंक चैनल, गीगोरानी, बनमंदौरी, पीलीमंदौरी, शेरेवाली डिस्ट्रीब्यूटरी के अलावा नोहर फीडर की नहरें शामिल हैं। इन सभी पर 3735 क्यूसिक पानी छोड़ा जाएगा। बता दें कि यहां भाखड़ा मुख्य ब्रांच पटियाला से चलकर बलियाला हैड तक आती है, जहां से जिले की नहरों में पानी आता है। यहीं से सिरसा व राजस्थान को भी पानी की सप्लाई दी जाती है।



**फतेहाबाद।** ग्रुप बी भट्टू ब्रांच नहर में बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

# मानसून का सीजन सिर पर, गंदगी से अटे नाले कैसे होगी बरसाती पानी की निकासी

- विभाग ने शहर में सीवरेज सफाई के लिए सिरसा से मंगाई मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मानसून का सीजन सिर पर है और शहर में मेन होल भरे पड़े है। पानी निकासी के नाले उफान पर है। शहर के पानी निकासी का एकमात्र साधन चिल्ली के मुहाने पर गंदगी के ढेर लगे है लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग को अब सीवरेज मेनहोल सफाई की याद आई है। विभाग ने सिरसा से बकायदा मशीन मंगवाकर मेनहोलों की सफाई शुरू की है। प्री मानसून की बारिश आने को मात्र 10 दिन ही शेष है। ऐसे में समय पर बरसाती नालों की सफाई कैसे होगी, यह एक बड़ा सवाल है। बड़ी बात यह है कि बीते वर्ष आई भयंकर बाढ़ जैसी आपदा से भी जनस्वास्थ्य विभाग ने कोई सबक नहीं सिखा। बड़े अधिकारी है कि मीटिंग करके मीडिया को प्रैस नोट जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे हैं। खुदा न करे समय से पहले बरसात आई तो शहर का जवाहर चौक, तुलसी दास चौक सहित अनेक निचली कालोनियों डूबेंगी, यह अटल सत्य है। इस बार शहर के थाना रोड, जवाहर चौक, डीएसपी रोड, 4 मरला कालोनी, धर्मशाला रोड में सीवरेज मेनहोल सफाई के लिए मशीन लगी हुई हैं जबकि शहर की गलियों में अभी भी सीवरेज मेनहाल ऊपर तक अटे पड़े हैं। विभाग जितने भी दावे कर लें लेकिन यह मानसून तक साफ नहीं हो सकते। हालांकि सीवरेज की ब्लॉकेज को खोलने के लिए सिरसा से सुपर सकर मशीन मंगवाई है जो कुछ मिनटों में ही सीवरेज की ब्लॉकेज को खोल देगी और उसमें फंसे पत्थर,कंकर आदि को निकाल देगी।

### विभाग ने सिरसा से मंगवाई सुपर सकर मशीन

बता दें कि सुपर सकर मशीन फतेहाबाद- सिरसा सर्कल में एक ही है जो फिलहाल सिरसा में चल रही है। कुछ दिनों पहले जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानसून को लेकर बैठक हुई थी जिसमें जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के अधिकारियों ने फतेहाबाद शहर में सीवरेज ब्लॉकेज व निकासी की समस्या का पुख्ता प्रबंध करने के लिए सुपर सकर मशीन की मांग थी। इस पर एसई ने सिरसा जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आदेश देते हुए सुपर सकर मशीन को फतेहाबाद भेजने के निर्देश दिए

### चार टीमें लगाई, एक टीम में तीन-तीन कर्मचारी

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के वाडाऱ्ें में सीवरेज की सफाई के लिए चार टीमें लगाई हुई है। हर टीम में 3-3 कर्मी लगाए हुए है। जो हर रोज उन वाडाऱ्ें में जाते हैं। जहां निकासी व ब्लॉकेज की समस्या रहती है। जहां उपकरणों के माध्यम से सीवरेज को खोला जाता है। 20 जून तक पूरे शहर के सीवरेज साफ करने अधिकारियों ने कर्मियों को आदेश दिए है। यही कारण है कि शहर के ज्यादातर सीवरेज साफ भी कर दिए गए है। जनस्वास्थ्य विभाग के पास जेटिंग मशीन है।

### बिजली गई तो भी चलेगी डिस्पोजल की मोटर

शहर के तुलसीदास चौक व जवाहर चौक के चिल्ली पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल टैंक बनाया हुआ है जिसमें तुलसीदास में निकासी के लिए दो मीटर तो चिल्ली पर तीन मोटर लगाई है। अगर बारिश के दौरान बिजली चली जाती है तो भी मोटर चलेगी क्योंकि दोनों जगहों पर जनरेटर की व्यवस्था की गई है जो आपात स्थिति में प्रयोग किए जाएंगे। बता दे कि इन दोनों इलाकों में बारिश के बाद काफी ज्यादा बारिश का भर जाता है, लेकिन इस बार निकासी जल्द से जल्द करवाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी तरह से तैयार है।

### विभाग खुद की मशीन खरीदें : प्रधान



नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची का कहना है कि शहर काफी बढ़ चुका है और जबकि यहां पर सीवरेज पाइप लाइनों की सफाई के लिए खुद की मशीन नहीं है। सीवरेज ब्लॉक होने पर सिरसा से मशीन मंगवाई जाती है, इसलिए जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के लिए स्थाई रूप से मशीन उपलब्ध करवाएं ताकि सीवर पाइप लाइनों की समय पर सफाई हो सकें। मानसून को देखते हुए शहर में सीवरेज पाइप लाइनों की सफाई भी जल्द करवाई जाए ताकि जलभराव न हो सकें।

### पुलिस को देखकर नशा तस्करों ने भगाई गाड़ी, कुछ ही दूरी पर पलटी

फतेहाबाद। गांव हिजरावां के पास पुलिस को देखकर नशा तस्करों ने कार को भगा लिया लेकिन कार कुछ ही दूरी पर जाकर पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया वहीं कार से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्त सेल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि गुरतेज सिंह उर्फ गगनी व दर्शन सिंह उर्फ गोलू निवासी सुरतिया जिला सिरसा अपनी कार में हिसार की ओर से चूरापोस्त लेकर आएंगे जोकि हिसार सौत्र भट्टू के रास्ते अपने गांव सुरतिया जाने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस ने हिजरावां सौत्र गांव के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने जब कार चालक को कार रोकने का इशारा किया तो कार चालक घबरा गया और कार को रोकने की बजाय तेज रफ्तार से कार सौत्र भट्टू की तरफ भगा ली। स्पीड तेज होने के कारण कार कुछ ही दूरी पर झाड़ियों से टकराकर पलट गई। इस दौरान पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और कार सवार दोनों युवकों को बाहर निकाला। पूछताछ में इन युवकों ने अपना नाम गुरतेज सिंह उर्फ गगी व दर्शन सिंह उर्फ गोला बताया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें रखे चार कट्टों में से 80 किलो कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ।

### सरकारी स्कूल से हजारों का सामान चुराया

फतेहाबाद। चोरों ने गांव मोची चौबारा के सरकारी स्कूल के ताले तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने स्कूल में लगे कैमरों की तारें भी तोड़ दी। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मौची चौबारा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के चौकीदार हंसराज ने कहा है कि उसकी माता की तबीयत खराब होने के कारण वह अपने घर चला गया था। शाम को जब वह स्कूल में वापस आया तो उसने देखा कि स्कूल के कमरे का ताला टूटा हुआ था। जब उसने अंदर जाकर सामान की जांच की तो सामान गायब था। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत दर्ज कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बाग में जा रही पाइप लाइन को काटा, दो के खिलाफ केस दर्ज


फतेहाबाद। भूना में बाग में जा रही एक पाइन लाइन को दो लोगों ने रंजिश के चलते काट दिया जिससे बाग में होने वाली पानी की सप्लाई रूक गई। इस बारे पीड़ित किसान ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दहमन निवासी बसंत लाल ने कहा है कि उसने भूना में जमीन खरीदी हुई है। जमीन में पानी ले जाने के लि उसने पाइप लाइन डाली हुई है जोकि मदन बिड़ासरा निवासी ढाणी गोपाल के खेत में भी होकर आती है। यह पिछले 25 सालों से चल रही है। उसने खेत में बाग लगाया हुआ है। उसने कहा कि कुछ दिन पूर्व उसके मोबाइल पर मदन बिडासरा का फोन आया औश्र कहा कि औमप्रकाश इसरवाल निवासी ढाणी गोपाल से समझौता कर लो नहीं तो पाइप काट दी जाएगी। उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसके बाद अगले दिन मदन बिडासरा व ओमप्रकाश इसरवाल ने उसकी पाइप काट दी। किसान ने आरोप लगाया कि पाइप काटने के कारण उसकी फसल व बाग सूख रहे है और पानी का प्रवाह बंद हो गया है। इस पर पीड़ित किसान ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोकसभा में कांग्रेस को मिली थी जीत, अब एक ही परिवार के तीन सदस्य ठोक रहे दावेदारी

# लोकसभा में हार के बाद अभय चौटाला को परम्परागत सीट बचाने की चुनौती

- भाजपा से मीनू बैनीवाल सक्रिय, टिकट के प्रबल दावेदार
- पवन व संतोष बैनीवाल को सैलजा के सहारे, भरत सिंह को हुड्डा से टिकट की आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महाबीर गोदारा



**सिरसा।** अभय चौटाला, पवन बैनीवाल , भरत सिंह बैनीवाल, संतोष बैनीवाल व मीनू बैनीवाल।

सिरसा। लोकसभा चुनाव में सिरसा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस को मिली प्रचंड जीत के बाद जिला के सियासी समीकरण भी बदल गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का गढ़ माने जाने वाले सिरसा जिला में अब इनेलो को अस्तित्व बचाने के लिए जूझना पड़ रहा है। विधायक अभय चौटाला के विधानसभा क्षेत्र ऐलनाबाद में भी कांग्रेस को 27 हजार 216 वोटों की लीड मिली और यहां पर इनेलो को तीसरे स्थान पर रहना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की परम्परागत सीट मानी जाने वाली ऐलनाबाद हलके में इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट को केवल 17 हजार 720 वोटों से ही संतोष करना पड़ा। लोकसभा चुनाव के बाद अक्टूबर में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए सभी दल सक्रिय हो गए हैं। टिकट के दावेदार अभी से हलके में अपनी-अपनी टिकट पक्की मान कर वोटरों के बीच पहुंचने शुरू हो गए हैं। इस बार ऐलनाबाद हलके में इनेलो के अलावा कांग्रेस व भाजपा में भी टिकट के नए दावेदार सामने आ रहे हैं। बता दें कि ओमप्रकाश चौटाला के उचाना व ऐलनाबाद दो जगह से विजयी होने के बाद ऐलनाबाद से चौटाला ने त्याग पत्र दे दिया था और उसके बाद अभय चौटाला निरंतर यहां से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस बार ऐलनाबाद हलके का सियासी मिजाज पूरी तरह से बदला हुआ है। अभय चौटाला की यह परम्परागत सीट रही है, वहीं कांग्रेस व भाजपा में नए चेहरे नजर आ रहे हैं जो अपनी-अपनी पार्टियों से दावेदारी ठोक रहे हैं। कांग्रेस से इस बार एक ही परिवार से तीन उम्मीदवार टिकट के लिए अपनी-अपनी दावेदारी जता रहे हैं। इनेलो से सियासी सफर की शुरूआत करने वाले पवन बैनीवाल भाजपा से होते हुए कांग्रेस में पहुंचे हैं। पवन बैनीवाल व अभय चौटाला किसी समय अच्छे दोस्त थे, लेकिन 2014 व 2019 में पवन बैनीवाल ने इनेलो छोड़कर ऐलनाबाद से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा और अभय चौटाला को जोरदार टक्कर दी। किसान आंदोलन के दौरान भाजपा से मन भरा तो पवन बैनीवाल कांग्रेस में शामिल हो गए और यहां पर हुए उपचुनाव में पार्टी उन्हें उम्मीदवार भी बनाया, लेकिन वे इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला के सामने अपनी जमानत नहीं बचा पाए और मुकाबला अभय चौटाला व भाजपा प्रत्याशी गोबिंद कांडा के बीच हुआ। कांग्रेस में शामिल होने से पहले पवन बैनीवाल की राजनीति हमेशा कांग्रेस के खिलाफ रही, जिसका खामियाजा ऐलनाबाद उपचुनाव में उन्हें जमानत जब्त करवा कर भुगतना पड़ा। पवन बैनीवाल के अलावा रिश्ते में ही चाचा लगने वाले पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल भूपेंद्र हुडा गुट की ओर से टिकट के प्रबल दावेदार हैं। इससे पहले भी भरत सिंह बैनीवाल ऐलनाबाद हलके से चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें जीत नसीब नहीं हुई। दो बार भरत सिंह बैनीवाल की टिकट काट दी गई और उनकी जगह एक बार रमेश भादू तो दूसरी बार पवन बैनीवाल को पार्टी ने टिकट थमाई, लेकिन दोनों बार जमानत जब्त हो गई। एक बार फिर भरत सिंह बैनीवाल जहां हुड्डा गुट से टिकट के दावेदार हैं तो उन्हीं के छोटे भाई कालू उर्फ नंदलाल बैनीवाल की धर्मपत्नी संतोष बैनीवाल भी टिकट की कतार में खड़ी हो गई है। संतोष बैनीवाल फिलहाल दड़बा कलां गांव की सरपंच है और सरपंच एसोसिएशन हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष का पद भी संभाल रही है। सरपंच बनने के बाद संतोष बैनीवाल ऐलनाबाद हलके में एकाएक सक्रिय हो गई और अब कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी जता रही है। पवन बैनीवाल के अलावा संतोष बैनीवाल भी सैलजा गुट से टिकट के लिए जोर लगा रही है। तीनों ही दड़बा कलां गांव के एक ही परिवार से संबंध रखते हैं और फिलहाल कांग्रेस में ऐलनाबाद हलके से अपने-अपने तरीके से टिकट के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। पूर्व विधायक लालचंद खोड के बेटे अनिल खोड भी ऐलनाबाद से कांग्रेस की टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।



एटिकेट / शिखर चंद जैन

हम जब कभी भी अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में किसी जरूरी डिस्कशन के लिए बैठें तो इसका विशेष ध्यान रखें, डिस्कशन सही ढंग से हो, ना कि बहस या विवाद होने लगे। इससे बचने के लिए पार्टिसिपेंट्स एक-दूसरे की राय को सम्मान दें, स्वयं भी अपनी राय विनम्रता से रखें।

# विवाद में ना बदलने दें अपना जरूरी डिस्कशन

सारंगी का लटका हुआ मुंह देखकर मीनाक्षी ने पूछ लिया, 'क्या हुआ किसी ने कुछ कह दिया क्या?' सारंगी मानो इसी बात का इंतजार कर रही थी, तुरंत बोली, 'तू ही बता क्या मैं तुझे झगड़ालू लगती हूं? आज हमें लैंडलॉर्ड के साथ डिस्प्यूट को निपटाने के लिए एक बैठक करनी थी। लेकिन पता है, मम्मी ने क्या कहा? उन्होंने कहा, सारंगी को मत लेकर जाना। मोनिका को साथ ले जाओ। सारंगी अपने शॉर्ट टेंपर्ड नेचर के कारण बात बिगाड़ देगी, मोनिका बिगड़ी बात को संभाल लेगी।'

मीनाक्षी समझ गई थी कि सारंगी को जटिल परिस्थितियों या किसी सीरियस डिस्कशन के दौरान सहज तरीके से बातचीत करने की आदत नहीं है। इसीलिए उसकी मम्मी ने ऐसा कहा होगा। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में हमें अकसर बहुत से लोगों के साथ बैठकर बात करनी होती है। ऐसे में कई बार तल्ख माहौल भी बन जाता है। लेकिन समझदारी से काम लेकर किसी भी डिस्कशन को बहस और विवाद बनने से रोका जा सकता है ताकि मीटिंग सद्भावना से संपन्न हो। इसके रिजल्ट पॉजिटिव हों।

**खुद को ना मानें सुपीरियर:** किसी भी मीटिंग को ओवरटेक या डोमिनेट करने की कभी कोशिश ना करें, ना ही स्वयं को औरों से अलग और ऊपर समझें। किसी भी डिस्कशन में सभी लोग बराबर के भागीदार होते हैं। डिस्कशन के मूल लक्ष्य को केंद्रित करके हर कोई अपने विचार रख सकता है। अगर आपके मन में मीटिंग के एजेंडा से परे कोई विचार है तो उसे बाद में बोलें। आपके पास कुछ कहने को ना हो तो दूसरों को अपनी बात बेरोक-टोक बोलने दें, उनकी बातें गौर से सुनें।

**बातों को समझ कर रिएक्शन दें:** कई बार मीटिंग में मौजूद लोग आपके विचारों से बिल्कुल विपरीत राय रखते हैं। यह उनकी सोच है, उन्हें अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। अगर आपके पास उनकी बातों और तथ्यों के विपरीत ठोस तथ्य और तर्क हैं तो उन्हें सधे हुए शब्दों में विनम्रता से रख सकती हैं। साथ ही जो आपकी राय से सहमत हैं, उनका उल्लेख करके उन्हें थैंक्स बोलें। लेकिन किसी को डांट कर चुप कराना, शोर मचाना और अपशब्द बोलना मीटिंग के एटिकेट के खिलाफ होता है। इससे आपकी छवि धूमिल हो सकती है।

**मत के विरोध को अपना विरोध ना समझें:** हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी बहस को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है, पार्टिसिपेट करने वाले लोगों का इंटेलेक्चुअली विनम्र होना। इसका मतलब यह है कि किसी मीटिंग में हो रही बातों को कभी पर्सनली नहीं लेना चाहिए। अगर किसी बात से आप असहमत हैं तो भी उसका सम्मान करें। आपको लगे कि आप गलत हैं तो इसे स्वीकारें। अड़ना या बेवजह बहस करना उचित नहीं है।

**तनावपूर्ण माहौल को हल्का बनाएं:** कई बार कोई बहस इतनी जटिल और विरोधाभासी माहौल में होती है कि पार्टिसिपेंट्स में कहा-सुनी हो जाती है। ऐसे में आपको सूझ-बूझ से काम लेते हुए कोई ऐसी बात या किस्सा सुनाना चाहिए कि लोग बरबस ही हंसने पर मजबूर हो जाएं। माहौल को हल्का बनाने के लिए चाय-नाश्ते के बहाने एक ब्रेक भी लिया जा सकता है। इससे बहस-विवाद बंद हो जाएगा।

### हल सुलझाने पर दें जोर

**लगातार काफी** देर बाद भी बैठक किसी नतीजे पर न पहुंच पा रही हो तो सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करें कि हम सबने अपनी-अपनी राय रख दी है। बेहतर होगा कि अब हम सभी अपनी तरफ से स्थिति को सुलझाने के लिए हल सुझाएं और सामंजस्य बनाकर एक रास्ता निकालें, अपने काम में लग जाएं, उसे अच्छा से अच्छा अंजाम दें।

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

इन दिनों हम भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इसका असर तन पर ही नहीं मन पर भी पड़ता है। ऐसे में जहां तमाम तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं, वहीं बहुत सी मानसिक समस्याएं भी जन्म लेती हैं। लोग अकेलेपन का शिकार होकर अवसाद की ओर बढ़ते हैं। इस गरम-शुष्क मौसम में कुछ सामान्य बातें अमल में लाकर आसानी से स्वस्थ-प्रसन्न रह सकते हैं।



# बढ़ती तपिश जूझते मन को संभालिए

इन दिनों देश के कई हिस्सों में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हर आयुवर्ग के लोगों को घेर रही हैं। हम जानते हैं कि अत्यधिक तपिश का मौसम तन ही नहीं, मन से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती तपिश तनाव का अहम कारण बनती है। शरीर डिहाइड्रेशन और मन थकान की शुष्कता से जूझता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि तेज तापमान के साइड-इफेक्ट्स की सूची में मन की मायूसी भी शामिल है। गर्मियों में लोग अवसाद और अकेलेपन के भी शिकार हो जाते हैं, जिसे 'समरटाइम ब्लूज' कहा जाता है। लंबे दिन, बढ़ती गर्मी और उमस के चलते भूख न लगना, अनिद्रा और बेचैनी जैसी समस्याएं भी घेर लेती हैं। बच्चे हों या बड़े, समर फटीग या गर्मियों में होने वाली शारीरिक थकान का शिकार हो सकते हैं।




## मन से जुड़ा मौसम

हमारा पर्यावरण हमारे मन के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा होता है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन को संभावित रूप से सदी का सबसे बड़ा वैश्विक स्वास्थ्य खतरा तक माना जा रहा है। परिवेश में बढ़ती तपिश से आक्रामकता और हिंसक आत्महत्याओं की दर में वृद्धि होने की संभावना होती है। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चरम मौसमी स्थितियां, रोजगार छूटने का भी कारण बनती हैं। बहुत से लोगों के लिए स्थानांतरित होने के हालात बन जाते हैं, जिसके कारण सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक जुड़ाव के भाव पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसी सभी बातें इंसानी मन के स्वास्थ्य पर बहुत नकारात्मक असर डालती हैं। चरम मौसमी स्थितियां, मन में भविष्य से जुड़े भय और चिंताओं को भी बढ़ावा देती हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित मेटा-एनालिसिस के हालिया शोध में सामने आया है कि परिवेश का बाहरी तापमान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में चिंताजनक है। इस विश्लेषण के मुताबिक बाहरी तेज तापमान और हीट वेव, आत्महत्या की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है।

## मदद का भाव रखिए

तपते मौसम में हर इंसान का मन परेशान रहता है। ऐसे में घर, बाहर सड़क या दफ्तर, हर जगह थोड़ा सहज और सामंजस्य भरा बर्ताव रखिए। चाहे ट्रैफिक लाइट पर खड़े हों या दफ्तर में काम के दबाव से जूझने के हालातों में फंसे हों। स्वयं अपने और अपने आस-पास के लोगों के मन को पीड़ा देने वाला कोई काम ना करें। बात-बात में उग्र होने के बजाय, यह समझने की कोशिश कीजिए कि अगला इंसान भी गर्मी, पसीने और उमस की उसी तकलीफ को झेल रहा है। ऐसे में हर बात में जल्दबाजी करने के बजाय, इन दिनों थोड़े ठहराव से काम लीजिए। हमारी परंपरागत जीवनशैली में चरम मौसमी हालातों में इंसानों ही नहीं हर जीव के लिए दयालु भाव रखने की नसीहत शामिल है। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने से लेकर प्याऊ लगवाने तक, कुछ ना कुछ सकारात्मक करने का प्रयास कीजिए। दूसरे प्राणियों का जीवन सहज करने के प्रयास खुद के मन को सुकून देने वाले साबित होते हैं। तपिश के मौसम में किए गए ऐसे मानवीय प्रयास आपके मन को भी टफ वेदर कंडीशंस को सहजता से झेलने की शक्ति देने वाले साबित होंगे।



### इमोशनल वेलनेस के प्रयास जरूरी

**विचारणीय है** कि बढ़ते पारे के मौसम में इमोशनल वेलनेस के लिए भी कुछ प्रयास आवश्यक हैं। मन को तीव्र गर्मी के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए दिनचर्या में सार्थक बदलाव मददगार साबित होते हैं। मन के मौसम को बेहतर रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर योग-मेडिटेशन और हरियाली वाली खुली जगह पर सैर करना अच्छा होता है। ठंडी हवा में सुबह-सुबह किए गए व्यायाम और सैर, तनाव को दूर कर दिलो-दिमाग को ऊर्जावान बनाने में सबसे ज्यादा मददगार होते हैं। ताजा हवाएं, मन को सहज-शांति की अनुभूति करवाती हैं। सुबह की इस सक्रिय शुरुआत से तपिश के बावजूद दिनभर मन स्फूर्ति से लबरेज रहता है। खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, गर्मी से बचाव के लिए परंपरागत तरीकों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। भारतीय जीवनशैली में तो हर मौसम से जूझने के तौर-तरीके मौजूद हैं। कुछ बातों का ध्यान रखते हुए इस गरम-शुष्क मौसम को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय और मानसिक मोर्चे पर स्फूर्ति और सुकून संग बिताया जा सकता है।



सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में पसीने की बैड स्मेल से बचने के लिए आप परफ्यूम जरूर यूज करती होंगी। अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

# ऐसे करें सेलेक्ट परफेक्ट परफ्यूम

गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है, वहीं वर्कप्लेस या लोगों के बीच इससे दूसरे लोग भी असहज महसूस करते हैं और कई बार हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब यह पसीना बैक्टीरिया से मिलता है, तो दुर्गंध पैदा होती है। पसीने को रोका नहीं जा सकता लेकिन सही डीओडरेंट या परफ्यूम के यूज से गंध को दूर किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोग सुगंध वाले टैल्कम पावडर का भी यूज करते हैं। लेकिन पावडर पसीने को केवल सुखा देता है। इसलिए परफ्यूम ही बेटर ऑप्शन है। इसे सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे आप ही नहीं आपके आस-पास के लोग भी फील गुड करेंगे।



- पैसे बचाने के लालच में कभी अनब्रांडेड या लो क्वालिटी परफ्यूम ना खरीदें। इसे अप्लाई करने से आपको स्किन एलर्जी हो सकती है। अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम सूट करता हो तो उसे ही यूज करते रहें और बार-बार ब्रांड न बदलें।
- कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है।
- परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी पैकिंग में एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से स्किन पर इचिंग, रैशेज या दाने आदि की समस्या हो सकती है।
- परफ्यूम की क्वालिटी चेक करने के लिए उसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाकर रखें। अगर उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी स्किन के लिए सुटेबल होगा।
- परफ्यूम के सुगंध की जांच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अंदर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगंध पर पड़ता है।
- इस सीजन में हमेशा नेचुरल और लाइट स्मेल वाला परफ्यूम ही यूज करें। समर सीजन के लिए फ्लोरल स्मेल, जैसे-गुलाब, चंदन, लैवेंडर या लेमन की खुशबू वाले परफ्यूम सबसे अच्छे लगते हैं।

केयर / नीलम अरोड़ा

इन दिनों जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बचने के लिए बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। यहां बताई जा रही बातें, बच्चे को गर्मी से बचाने में कारगर हो सकती हैं।

# इस तपती गर्मी में ऐसे रखें बच्चों का ख्याल



हालांकि इन दिनों अधिकांश राज्यों के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से बच्चे घर से बाहर कम ही निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान लापरवाही बरतने पर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, गर्मी से थकान, लू लगने जैसी समस्याएं बच्चों को हो सकती हैं। उन्हें इससे बचाने के लिए आपको पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**जब रहें घर के भीतर:** अगर आप ऐसी जगह में रहती हैं, जहां अकसर बिजली चली जाती है या घर में एयर कंडीशनर नहीं है तो ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। घर के बाहर की तपिश से बचाने के लिए उन्हें घर के भीतर ही रखना एक विकल्प होता है। इस दौरान घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, ताकि बाहर की गर्म हवाएं घर में ना आ सकें। अगर आप घर में टेबल फैन का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पंखे की सीधी गर्म हवा भी बच्चों में एलर्जी का कारण बन सकती है। इससे उनको आंखों में खुजली और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसलिए पंखे के ठीक सामने बच्चे को ना बैठाएं या लिटाएं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर की नमी भरी हवा राहत देती है। पंखे के सामने रहने के बजाय बच्चे को कूलर वाले रूम में बैठाएं या लिटाएं।



**जब घर से जाना पड़े बाहर:** हालांकि डॉक्टर्स ने सलाह दी है कि इन दिनों बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद अगर मजबूरी या किसी जरूरी काम से बच्चों को घर से बाहर जाना पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। बच्चों को हाईड्रेट रखें और उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पिलाती रहें। नारियल पानी या आम पना भी पिला सकती हैं। अगर आप ब्रेस्टफीड कराने वाले बच्चे के साथ बाहर जा रही हैं तो उसे अपने दूध के अलावा ऊपर का दूध भी पिलाएं। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी भी पिला सकती हैं। बच्चे को गहरे रंगों की बजाय हल्के रंग के कपड़े पहनाएं। जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन हो। बच्चों में बड़ों की तुलना में पसीना कम आता है, इसलिए उन्हें लूज ड्रेस ही पहनाएं।

**इससे मिलेगी ठंडक:** गर्मी के कारण शरीर को थकान भी ज्यादा लगती है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन आता है। इससे बचाव के लिए बच्चे को ठंडक का अहसास दिलाने के प्रयास करती रहें। बच्चे को अगर बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है तो उसे ठंडे पानी से दिन में दो बार नहला सकती हैं। उसके शरीर पर कूल फील कराने वाले टाल्कम पावडर लगा सकती हैं। कुछ कुछ देर में उसे मैंगो शेक, छाछ या लस्सी पीने को दे सकती हैं। इन उपायों से उसे ठंड का अहसास होगा।

**तब तुरंत दिखाएं डॉक्टर को:** बेहद सतर्कता बरतने के बावजूद अगर बच्चों को लू लग जाती है तो उसके ट्रीटमेंट में देर ना करें। इसे कुछ लक्षणों से आप पहचान सकती हैं। अगर बच्चे को बेहोशी महसूस हो, ज्यादा नींद आए, सिरदर्द हो, ज्यादा प्यास लगे, गर्मी के कारण बुखार हो, कई घंटों तक पेशाब न हो, जी मिचलाए, उल्टी आए, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन जैसी कोई भी समस्या हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। क्योंकि लू लगने पर ट्रीटमेंट में देरी से स्थिति गंभीर हो सकती है।

स्पेशल: इंटरनेशनल योगा-डे, 21 जून

# योगा से हम रहते हैं फिट

योगासन सिर्फ फिजिकल ही नहीं मेंटल फिटनेस के लिए भी बहुत कारगर होता है। इसीलिए कई एक्ट्रेसेस भी इनको अपने फिटनेस शेड्यूल में शामिल करती हैं। कुछ टीवी एक्ट्रेस **सहेली** को बता रही हैं, योगा उन्हें हेल्दी और फिट रखने में कितना इफेक्टिव है?

### मैं सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं: अंजली तत्रारी



**सोनी सब** के शो 'वंशज' में युविका के रोल में दिख रहीं अंजली तत्रारी अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं अपनी फिजिकल फिटनेस से प्यार करती हूं और खुद को हेल्दी-स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए जो भी करना जरूरी है, मैं करती हूं। इसीलिए योगा को मैंने रूटीन लाइफ में शामिल किया है। मैं रोज सुबह उठने के बाद सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं, जिससे पूरे शरीर को स्ट्रेच करने से लेकर फ्लैक्सिबिलिटी लाने तक कई फायदे मिलते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वास्तव में हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। मैं अपनी सभी फीमेल फैंस को पीरियड्स के दौरान यह आसन करने की सलाह भी दूंगी। हालांकि लोगों में एक मिथक है कि पीरियड्स के दौरान आपको काम नहीं करना चाहिए और जितना हो सके उतना आराम करना चाहिए। इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि आपको उस दौरान भी सूर्य नमस्कार और कुछ योगासन जरूर करने चाहिए। मेरा क्लीयर मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अकसर फील किया है कि जब भी मैं योगासन करने के बाद सेट पर शूटिंग के लिए जाती हूं तो मैं अधिक कंसंट्रेट और प्लीजेंट रहती हूं। साथ ही अन्य दिनों की तुलना में अधिक एक्टिवली अपने काम करती हूं। एक एक्ट्रेस के तौर पर दिन में 12-13 घंटे काम करना काफी हैक्टिक होता है। हमें कई तरह के प्रेशर सहने पड़ते हैं। ऐसे इमोशनल प्रेशर सहते हुए अच्छा परफॉर्म करने में योगासन मेरे लिए बहुत हेल्पफुल साबित होता है।'

### योगा से एनर्जेटिक-फ्रेश फील करती हूं: विदिशा श्रीवास्तव



**एंड टीवी पर** टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता मिश्रा का रोल निभाने वाली विदिशा श्रीवास्तव अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं लगभग दो साल से योग कर रही हूं। इससे मुझे बहुत पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं। मेरी कंसंट्रेशन को बढ़ाने और मेरे कंप्लीट हेल्थ को मेंटेन रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर सुबह योग करने के बाद मैं पहले से ज्यादा एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करती हूं। वैसे तो मैं अभी भी योग के विभिन्न आसनों को सीख रही हूं, लेकिन सूर्य नमस्कार से मुझे सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस खास योगासन का तन-मन दोनों पर ही एक पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी बहुत मदद करता है। इससे मेरी बैक मसल्स स्ट्रॉन्ग बनी हैं और बॉडी पोस्चर बेहतर हुआ है। मैं मानती हूं कि मेरी अत्यधिक बिजी लाइफ के बीच योग एक रिलैक्सेशन जोन की तरह काम करता है। इसीलिए मैं रोजाना योग जरूर करती हूं, इससे मुझे रूटीन लाइफ में बैलेंस बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। इससे मेरे अंदर पॉजिटिविटी बढ़ी है। इसने मेरे एक्टिंग स्किल को भी बेहतर बनाया है।'

### योगासन से रिलैक्स फील करती हूं : आयुषी भावे



**स्टार भारत** के सस्पेंस थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' में बिंदु का रोल आयुषी भावे निभा रही हैं। योगासन के इंपॉर्टेंस के बारे में वे कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। मैं रेग्युलर योगा प्रैक्टिस करती हूं। मेरा फेवरेट आसन चक्रासन है। उससे मेरे शरीर में ब्लड फ्लो इंप्रूव होता है। ब्लड को हर ऑर्गन और टिश्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है। इससे स्पाइन की स्ट्रेंथ बढ़ती है, तनाव कम होता है और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा प्राणायाम करती हूं, जिससे मुझे रिलैक्स फील होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे मैं किसी भी तनावपूर्ण माहौल में शांत महसूस करती हूं।'

## खबर संक्षेप

### व्यायामशालाओं में निकली योग यात्राएं

**सिरसा।** जिला योग समन्वयक डा. सुरेंद्र पाल के सहयोग से 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगशाला जोड़किया, चाडीवाल, रूपाणा खुर्द व साहुवाला द्वितीय में योग जागरण यात्राओं का आयोजन किया गया। यात्रा को गांव की मुख्य मुख्य गलियों से निकालते हुए गांव वालों को योग करने के प्रति जागरूक किया व सुबह शाम योग करने का संदेश दिया। साथ ही गांव वालों को बताया कि अपने अपने ब्लॉक व जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है।

### पीजी के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** बरनाला रोड पर एक पीजी में अपने दोस्त से मिलने गए युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव फरवाई खुर्द निवासी मनकीरत सिंह ने बताया कि बीती 16 जून की सुबह वह अपने दोस्त से मिलने के लिए बरनाला रोड स्थित पीजी में आया था। मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### जमाल बस स्टैंड के निकट से पेड़ चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव जमाल के बस स्टेंड के निकट रखे गए आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त पेड़ों को अज्ञात लोग चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में वन रक्षक ढूकड़ा बीट नवीन कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व आए आंधी-तूफान से क्षेत्र में अनेक सरकारी पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए थे जिन्हें विभाग के कर्मचारियों द्वारा एकत्रित कर गांव जमाल के बस स्टेंड के निकट खाली जगह में रखा गया था।

### पन्नीवाला मोटा स्कूल से पानी की मोटर चोरी

**ओढां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोटा से पानी की मोटर चोरी हो गई। ओढ़ा पुलिस ने विद्यालय की प्राचार्या अंजू देवी की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। अंजू देवी ने बताया कि बीती रात को विद्यालय से अज्ञात चोरों द्वारा पानी की मोटर चोरी कर ली गई है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल भूप सिंह ने बताया कि स्कूल प्राचार्या की शिकायत पर मामला दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अवैध देशी शराब की 185 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक्साइज स्टाफ पुलिस ने अवैध देशी शराब की 185 बोतल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान ढाणी राजू निवासी अमित के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही राकेश कुमार ने बताया कि वह गश्त के दौरान तिकोना पार्क के समीप मौजूद था और एक कार को रुकवा कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके अंदर से अवैध देशी शराब की 185 बोतल बरामद हुई। कार से बरामद शराब के बारे में जब कार चालक अमित से परमिट या लाइसैंस दिखाने के लिए कहा गया वह कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर सका।

## शिक्षा तथा खेलकूद में आगे बढ़ने को लेकर किया प्रेरित

# पुलिस टीमों ने नशे के खिलाफ आमजन को किया जागरूक

### शहर थाना की पुलिस ने रामनगरिया तथा थेहड मोहल्ला क्षेत्र में कार्यक्रमों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

जिला में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के तहत शहर थाना सिरसा पुलिस तथा रोड़ी थाना की पुलिस टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर आम जन को नशे के खिलाफ जागरूक किया। रोड़ी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रामचंद्र ने गांव सुरतिया में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित आमजन तथा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है परंतु इस अभियान की संपूर्ण सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशानुसार जिला पुलिस अपने स्तर पर जहां नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है वहीं जिला पुलिस की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से कहा कि अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखें तथा उन्हें शिक्षा तथा खेलकूद आदि गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। इसी मुहिम के तहत शहर थाना की पुलिस टीमों ने रामनगरिया तथा थेहड मोहल्ला क्षेत्र में कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं तथा आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया तथा जिला द्वारा चलाए जा रहे अभियान में बढ़चढ कर भाग लेने का आह्वान किया।



सिरसा। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम।




सिरसा। नशे के खिलाफ होटलों व ढाबों की तलाशी लेती एनसीबी टीम।

### एनसीबी ने होटलों व ढाबों में नशे के खिलाफ चलाया अभियान

**सिरसा।** हरियाणा राज्य नाकार्रेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सिरसा यूनिट ने मंगलवार को होटलों व ढाबों पर छापामार करवाई की। यूनिट सिरसा के सब इंस्पेक्टर कृष्ण लाल ने अपनी पुलिस टीम के साथ सिरसा के डबवाली रोड, बरनाला रोड पर एनसीबी के टाईगर डॉग को साथ लेकर होटल व ढाबों पर चेकिंग की। इस तलाशी अभियान में शक के दायरे में आने वाले ढाबों की बारीकी से तलाशी ली गई है। कृष्ण लाल ने बताया की उच्च अधिकारियों के आदेश पर किसी को बिना बताए यह अभियान चलाया गया है। इस अभियान में टाइगर नामक डॉग स्क्वायड की टीम को भी साथ लिया गया। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थ एवं नशा माफियाओं की चैन को तोड़ने के लिए हरियाणा एनसीबी सिरसा यूनिट द्वारा यह चेकिंग की गई है। इस अभियान में पुलिस बल के द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है व उनकी तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि नशीले पदाथार्र् के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एनसीबी सिरसा के द्वारा यह अभियान चलाया गया व नशे के खात्मे के लिए संदिग्ध व्यक्तियों पर गुप्त रूप से नजर भी रखी जा रही है।



सिरसा। श्री श्याम बगीची धाम में भजन प्रस्तुत करते भजन गायक।

# श्री श्याम बगीची धाम में भजन एंव भंडारे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में निर्जला एकादशी पर भव्य भजन संध्या एवं श्री श्याम रसोई (भंडारे) का आयोजन किया गया। भजन संध्या से पूर्व सुबह विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि निर्जला एकादशी पर श्याम बगीची धाम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सुबह नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। रात सवा आठ बजे राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने बाबा श्याम, हनुमान के भजन प्रस्ततु किए। बाद में सिरसा की बेटी प्रतिष्ठा शर्मा ने भजन- खाली ना गया कोई मेरे बाबा श्याम के दर से सहित कई भजन प्रस्ततु किए। बाद में असंध से आए भजन गायक विशाल जुनेजा ने भजन- हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणों में, लाल लंगोटो हाथ में घोटो, मैं निका खाटू से इक मोड़ आया, मेरा हाथ पकड़ ले रे मन मेरा घबराए, हम तो खड़े तेरे द्वार सुन ले करुण पुकार, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो हम डूब जाएंगे, हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा, आ गया मै दुनियादारी सारी छोड़ कै, कृपा कर बाबा कीर्तन करवाउंगा, आयो सांवरियो नीलै पै चड़ कै, मेरी अंखियां करे तेरे इंतजार सांवरे सहित एक के बाद भजन प्रस्तुत किए। जिन पर श्यामप्रेमी झूम कर नाचे। रात को सवा नौ बजे श्री श्याम रसोई (भंडारे) का वितरण किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा को भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

### कृषि यंत्रों का पुनः भौतिक सत्यापन 20 जून को

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सीआरएम स्कीम वर्ष 2022-23 व 2023-24 व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्र स्ट्रा बेलर व स्ट्रा रेक का पुनः भौतिक सत्यापन 20 जून को अनाज मंडी डबवाली व अनाज मंडी सिरसा में किया जाना है। उप कृषि निदेशक डा. सुखदेव सिह ने बताया जिला के सभी खंड डबवाली, औढां, बडागुढा, रानियां, ऐलनाबाद, नाथुसरी चौपटा व सिरसा के लाभार्थी किसान निश्चित समय व स्थान पर पहुंचकर अपने कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन करवाए। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों का सत्यापन न करवाने वाले व्यक्ति की अनुदान राशि पर रोक लगा दी जाएगी।

# मार्केटिंग बोर्ड के अभियंताओं ने लगाई मीठे पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

मार्केटिंग बोर्ड के अभियंताओं ने मिलकर बोर्ड के कार्यालय के समक्ष मंगलवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाकर राहगिरों की प्यास बुझाई। बोर्ड के कार्यकारी अभियंता सतपाल गोपेरा, उपमंडल अभियंता सुरेश कुमार, विनोद कुमार, बजरंग गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता मामचंद, महेंद्र, सूरजभान, गुरप्रीत, राकेश कुमार, अमित सहित अन्य ने बताया कि जिले में पड़ रही भयंकर गर्मी से सभी बहुत परेशान हैं। ऐसे में ठंडे पानी की सेवा का कार्य बहुत जरूरी है। राहगिरों ने प्रचंड गर्मी के मौसम में छबील लगाकर सेवा कर रहे अभियंताओं का आभार व्यक्त किया और अन्य लोगों से भी आह्वान किया कि वे गर्मी के मौसम में जलसेवा अवश्य करें, ताकि इस भयंकर गर्मी से कुछ समय के लिए निजात मिल सके।



सिरसा।मार्केटिंग बोर्ड के अभियंता मीठे पानी की छबील लगाकर सेवा करते हुए।

# जमीनी विवाद को लेकर महापंचायत आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भूना

श्री कृष्ण गोशाला नाढोड़ी की विवादित जमीन को लेकर मंगलवार को रामनिवास भांभू की ढाणी में कई गांवों के पंचायती लोगों की एक महापंचायत हुई। महापंचायत में गोशाला व दूसरे पक्ष के लोगों की बात सुनी और पूरे घटनाक्रम एवं दस्तावेज के आधार पर लंबे समय से चला रहा है विवाद पंचायती तौर पर सुलझा दिया गया। गोशाला की 19 कनाल 4 मरला जमीन के अतिरिक्त 15 मरले जमीन और गोशाला को दी जाएगी। विवादित पक्ष हेतराम गोशाला की जमीन में किसी भी प्रकार का दखल नहीं देंगे, जबकि सेठ सीताराम 25 मरले जमीन की रजिस्ट्री हेतराम पक्ष के नाम कराएंगे। इसके बदले में हेतराम ट्रेजरी में जमा 9 लाख रुपये निकाल कर सेठ सीताराम को देंगे। वही 15 मरले जमीन और सीताराम दान के रूप में गोशाला के नाम खास नंबर से पंजीकरण करवाएंगे। इस पर दोनों ही पक्षों ने पंचायती फैसले का स्वागत किया। महापंचायत में गंगवा के रामस्वरूप, प्रधान राजेंद्र सिंह, नंबरदार महादेव धारनिया व सिंथला के सरपंच प्रतिनिधि सुरेश जाखड़ ने गौशाला व हेतराम पक्ष के बीच विवाद खत्म किए जाने और महापंचायत की बात स्वीकार करने पर दोनों ही पक्षों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दोनों ही पक्ष के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर गिला-शिकवा मन से दूर किया। महापंचायत में गोशाला कमेटी के प्रधान राजेंद्र सिंह व फकीरचंद गोदारा, गंगवा के ओमप्रकाश टाक, रामनिवास भांभू, राम सिंह गोदारा, ब्लॉक समिति मेंबर प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, नाढोड़ी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश, राजेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, रामस्वरूप, महादेव नंबरदार सहित कई गांवों के गणमान्य लोग शामिल हुए।

### यह है पूरा मामला

बता दें कि श्री कृष्ण गौशाला की 19 कनाल 4 मरले जमीन पर लंबे समय से हेतराम पक्ष अपना कब्जा होने का दावा जता रहा था। गौशाला कमेटी जब-जब भी हरा चारा बिजाई करती तो दूसरा पक्ष से ट्रैक्टरों से खत्म कर देता था। इसके कारण हेतराम पक्ष पर बार-बार गौशाला की जमीन में दखल देने व जबरन फसल को नष्ट करने और कमेटी प्रधान एवं सदस्यों पर हमला करने के मामले में मुकदमे दर्ज हुए और गाड़ी तथा ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र पुलिस ने कब्जे में लिया हुआ है। हेतराम पक्ष पर महिलाओं सहित नौ लोगों के विरुद्ध केस चल रहा है, इसलिए कई गांवों के गणमान्य व्यक्तियों ने लंबे समय से चल रहे जमीनी विवाद को खत्म करवाकर भाईचारा बना दिया है।

### निपटान करवाया जाना अच्छा प्रयास : एसएचओ

भूना थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि गोशाला जमीन को लेकर लंबे समय से जो विवाद चल रहा था वह पंचायती स्तर पर निपट गया है,जो यह अच्छा प्रयास है। इसलिए पीड़ित पक्ष शपथ पत्र देंगे तो मुकदमे कानूनी राय के बाद खारिज किए जाने की सिफारिश करेंगे।

# पुलिस को तनाव मुक्त रखने के लिए ट्रेनिंग के निर्देश

- मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए 30 लाख 19 हजार की वजीफा राशि मंजूर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण।

हिसार रेंज के एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने रेंज के पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर के मद्देनजर अनेक फैसले लिए हैं। उन्होंने रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए 30 लाख 19 हजार की वजीफा राशि मंजूर की है। इसके साथ ही एडीजीपी ने पुलिस कर्मचारियों व उनके परिवार को तनाव मुक्त रखने के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए हैं। एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण ने मंगलवार को रेंज के पुलिस अधीक्षकों को मंजूरशुदा धनराशि पुलिस कल्याण कोष से ड्रा करवाने व संबंधित छात्रों को उनके अभिभावकों के माध्यम से देने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वजीफा राशि से पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों के बच्चे पढाई के प्रति प्रेरित होंगे व परीक्षाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर अपना लक्ष्य हासिल करेंगे। एडीजीपी ने बताया कि हरियाणा पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों के होनहार बच्चों को मिलने वाली वजीफा राशि पहले की अपेक्षा दोगुनी कर दी गई है। दसवीं कक्षा के मेधावी छात्रों के लिये वजीफा धनराशि बढ़ाकर 5000 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति राशि पहले से दोगुनी यानी 6000 रुपये कर दी गई है। स्नातक की डिग्री के लिए आठ हजार, स्नातकोत्तर या इसके समकक्ष में पढ़ रहे बच्चों के लिए 10 हजार रुपये, इंजीनियरिंग डिप्लोमा या इसके समकक्ष पढ़ने वाले बच्चों के लिए आठ हजार रुपये कर दी गई है। एमबीबीएस, एमफिल, पीएचडी एलएलएम, सीए, आर्किटेक्चर, वेटरनेरी सर्जन आदि इसके समकक्ष पढ़ने वाले छात्रों के लिए वजीफा राशि 30 हजार की गई है। हिसार रेंज के सभी जिलों की 286 मेधावी छात्रों की सूची मे वजीफा पाने वाले 126 छात्र जिला पुलिस हिसार से हैं जिनके लिये कुल 13 लाख 88 हजार की धनराशि मंजूर की गई है। जिला पुलिस जींद के 52 छात्रों के लिए 5 लाख 84 हजार, पुलिस जिला हांसी के 42 मेधावी छात्रों के लिए 3 लाख 57 हजार, जिला पुलिस फतेहाबाद के 31 छात्रों के लिये 3 लाख 15 हजार, सिरसा के 24 छात्रों के लिये 2 लाख 74 हजार रुपये की धनराशि मंजूर की गई। नव सृजित पुलिस जिला डबवाली के 11 मेधावी छात्रों के लिए एक लाख एक हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। एडीजीपी ने पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए भी विजडम माइंड संस्थान के निदेशक डाक्टर जितेन्द्र कुमार (मस्तिष्क वैज्ञानिक) की सेवाएं लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस बारे रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को पत्राचार कर निर्देश दिए हैं कि पुलिस अधिकारियों अथवा कर्मचारियों की फिटनेस व मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए उक्त संस्थान से संपर्क कर अपने अपने जिले में ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाएंगे।

# विरासत बचाओ-पगड़ी संभाल यात्रा को लेकर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

ऑल इंडिया मजहबी वेलफेयर एसोसिएशन की अहम मीटिंग मंगलवार को गांव डबवाली में हुई जिसमें जिला सिरसा और फतेहाबाद के सभी पदाधिकारियों एवं मजहबी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। मीटिंग की अध्यक्षता ऑल इंडिया मजहबी सिख के राष्ट्रीय संयोजक सविंद्र सिंह सिरसा व पूर्व प्रधान एवं सलाहकार मास्टर बलविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से की। इस मीटिंग में मजहबी सिख समुदाय को आ रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक समस्याओं व अन्य मुद्दों बारे विचार-विमर्श किया गया। सविंद्र सिंह सिरसा ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा जुलाई या अगस्त महीने में विरासत बचाओ पगड़ी संभाल यात्रा की जानी है, इस यात्रा पर आने वाले खर्च तथा रूट मैप, पूर्ण प्रबंधन की रूपरेखा तैयार करने संबंधी प्रारूप आम सहमति के लिए मजहबी समाज के सामने रखा गया। एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा आम सहमति से फैसला किया गया कि एसोसिएशन एक गैर राजनीतिक संस्था है, इसकी मान-मर्यादा को बनाए रखने के लिए एक अनुशासन समिति का गठन किया जाना चाहिए। सभी पदाधिकारियों ने सहमति से समिति गठित की जिसमें अध्यक्ष पूर्व प्रधान एवं सलाहकार मास्टर बलविंद्र सिंह थेड़ी को बनाया गया है तथा सदस्यों में सिरसा से संगठन सचिव हरभजन सिंह खैरपुर, डबवाली से गुरचरण सिंह फौजी जिला पार्षद, रतिया से हरदीप सिंह नाहर उपाध्यक्ष हरियाणा, इकबाल सिंह अलीकां संगठन सचिव, ब्लॉक शिक्षा विंग अध्यक्ष मास्टर जसवंत सिंह मसीतां, गुरदीप सिंह गिल, राज सिंह मट्टू जिलाध्यक्ष सिरसा को शामिल किया गया है।




सिरसा। पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने संस्था को पानी का टैंकर सौंपते हुए।

### पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने सौंपा पानी का टैंकर

**सिरसा।** शहर की सामाजिक संस्था हेलो सिरसा की ओर से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए गए व्यापक अभियान के तहत उड़ीसा के पूर्व रा'यपाल प्रो. गणेशीलाल ने संस्था को पौधों में पानी देने के उद्देश्य से पानी का टैंकर सौंपा है। हेलो ग्रीन मिशन के संस्थापक रामकृष्ण गोयल ने बताया कि सिरसा शहर में पौधों के संरक्षण, नए पौधों को रोपित करने व स्वच्छता की दिशा में योगदान देने के उद्देश्य से व्यापक अभियान का आगाज उपायुक्त आरके सिंह की ओर से आरंभ किया गया था जो पूरी गति से जारी है। इस अभियान को पहले से भी गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को उड़ीसा के पूर्व रा'यपाल प्रो. गणेशीलाल ने संस्था पदाधिकारियों को टैंकर सौंपा ताकि पौधों में नियमित रूप से पानी दिया जा सके। संस्था पदाधिकारियों ने प्रो. गणेशीलाल व उनके पुत्र युवा भाजपा नेता मनीष सिंगला का आभार जताया।

## पेंशन समस्या को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ हो संयुक्त बैठक

# जिला परिषद चेयरमैन ने सीएम को लिखा खुला पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

- समाधान शिविरों में सुधार को लेकर की मांग

लोगों की परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी व पेंशन सम्बंधी समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविरों में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने और शिविरों के आयोजन को लेकर कई सुधार करने की मांग को लेकर जिला परिषद फतेहाबाद की अध्यक्ष सुमन सुभाष खिचड़ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को खुला पत्र लिखा है। जिला परिषद चेयरमैन ने पत्र में कहा है कि प्रदेश सरकार ने आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उपमंडल व जिलास्तर पर समाधान कैंप लगा कर आप नागरिकों की समस्याओं को हल करवाने का सराहनीय सिलसिला शुरू किया है। फतेहाबाद जिले की समस्याओं के समाधान में यह महत्वपूर्ण कदम है। इन कैम्पों के आयोजन से लोगों की काफी समस्याओं का समाधान होगा लेकिन इन कैम्पों के आयोजन में अभी भी काफी सुधार की जरूरत है ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि इन समाधान कैंपो के माध्यम से फैमिली आईडी की समस्या का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। जब तक फैमिली आईडी की सभी प्रकार की त्रुटियां दूर करने का लॉग-इन जिला अधिकारियों के पास न आ जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक अपनी समस्या ले कर आते हैं, अधिकारी बात तो सुनते है, लेकिन उन के पास लॉग-इन न होने के चलते वो कुछ कर भी नहीं सकते। मुख्यालय में ही लॉग-इन होने के चलते जिला स्तर पर कुछ नहीं हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने इन समस्या समाधान शिविरों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित करने की मांग की है। चेयरमैन सुमन सुभाष खिचड़ ने कहा कि शिविरों में समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी को विशेष बदलाव करने का विकल्प जारी किया जाना चाहिए। शिविरों के बाद समस्या समाधान की प्रगति की रिपोर्ट देने का प्रावधान होना चाहिए और आवश्यकता पर पुनर्वालोकन का मंच उपलब्ध कराया जाना चाहिए। आधार कार्ड में आवश्यक बदलाव के लिए जिले स्तर में कोई समुचित व्यवस्था नही है। विभिन्न बैंकों में रखी आधार मशीने वर्किंग में नहीं है। जहां कहीं चल रही हैं वहां नागरिक घंटो धूप में बिना पानी के इंतजार करते है। आधार कार्ड के लिए भी गावों में व शहर के वार्डों में कैंप लगने आवश्यक है।

### आईएफएससी कोड के कारण नहीं आ रही पेंशन

पेंशन समस्या का मामला उठाते हुए जिला परिषद चेयरमैन ने कहा कि इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में विलय के कुछ समय बाद से ही विभिन्न प्रकार की पेंशन ले रहे विशिष्ट नागरिकों की पेंशन आईएफएससी कोड के कारण नहीं आ रही। नागरिक पिछले कुछ महीनों से बहुत परेशान है। अधिकारी भी कुछ नहीं कर पा रहे है। बैंक एवं प्रशासन एक दूसरे पर बात टाल रहे है। चेयरमैन ने सीएम से मांग की है कि इस समस्या का किसी भी प्रकार से हल हो जाए तो हजारों जरूरतमंदों को पेंशन का लाभ मिलेगा। इस मामले को लेकर बैंक अधिकारियों व सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों की संयुक्त बैठक होनी चाहिए।



जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़

## खबर संक्षेप

### अप्रेंटिस आवेदन की तिथि 24 तक बढ़ी

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य परिवन विभाग, फतेहाबाद के महाप्रबंधक अजय दलाल ने बताया कि कर्मशाला फतेहाबाद व टोहाना में अप्रेंटिस रखने के लिए आवेदन करने की तिथि 24 जून तक बढ़ा दी गई है। आईटीआई पास विद्यार्थी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अप्रेंटिसशिपइंडिया डॉट जीओवी डॉट आईएन पोर्टल पर अपने आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कर्मशाला, फतेहाबाद व टोहाना में 22 मैकेनिक डीजल, 10 विद्युतकार, 4 वैल्डर, 3 पेंटर, एक कारपेंटर, 4 कोपा (हिंदी) ट्रेड पर अप्रेंटिस रखे जाने हैं। इसके

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**कालांवाली।** हरियाणा पीडब्ल्यू कर्मचारी संघ संबंधित हरियाणा रा'य कर्मचारी संघ के सदस्यों ने एकत्रित होकर मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय के समक्ष धरना लगाया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने विभाग की एसडीओ के खिलाफ कर्मचारियों के प्रति तानाशाही रवैया अपनाने के आरोप लगाए और अपनी मांगे पूरी करने की मांग रखी। संघ के रा'य उपाध्यक्ष रामसिंह गिल, जिला उपाध्यक्ष शिवचरण कंडारा, ऐलनाबाद के शाखा प्रधान हरी कृष्ण कुतीनिया, शाखा चौपटा के चेयरमैन चानन राम आदि रहे।

### जरूरतमंदों को वितरित की पाठ्य सामाग्री

**फतेहाबाद** सामाजिक संस्था बेटी द्वारा आज एकादशी के उपलक्ष्य में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा जागरूकता के तहत नोटबुक, पेंसिल, टिफिन और पानी की बोतले वितरित की गई। संस्था अध्यक्ष जय सिंघल ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा लगातार शिक्षा जागरूकता का काम किया जा रहा है। आर्थिक तंगी व अन्य कारणों से जो बच्चे स्कूल जाने से वंचित हैं, ऐसे बच्चों को बेटी संस्था की ओर से पाठ्य सामाग्री व अन्य सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। आज के इस अभियान में स्नेहा सनेजा, तमन्ना, लक्ष्य बंसल ने अपना योगदान देकर अभियान को सफल बनाया।

### कुमारी सैलजा का सिरसा दौरा आज

**सिरसा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कृष्णा फौगाट ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से 18 जून को हिसार रोड स्थित होटल निशुराज में सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा के धन्यवाद कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। कृष्णा फौगाट ने कहा कि सिरसा संसदीय सीट पर जीत हासिल करने के बाद सांसद कुमारी सैलजा सिरसा संसदीय क्षेत्र के सभी हलकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जता रही हैं।

### निर्जला एकादशी पर लगाई गई छबीलें

**ओढां।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष में ओढ़ा में चार विभिन्न स्थानों पर ठंडे मीठे पानी की छबीलें लगाई गई। पहली छबील हनुमान मंदिर के सामने, दूसरी बाबा रामदेव मंदिर के सामने गोयल परिवार की तरफ से, तीसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने और चौथी जलालआना रोड पर लगाई गई। भीषण गर्मी से बचाव के लिए और इंद्र देवता से बरसात की कामना को लेकर सभी गांववासियों द्वारा छबील लगाई गई।

## बीजेपी के चार सौ पार के दावे की देश के लोगों ने निकालकर रख दी हवा

# कार्यकर्ता लोस की तरह विधानसभा चुनावों में भी करें काम: सैलजा

**बीजेपी सरकार में हर वर्ग दु:खी हो चुका है किसान-मजदूर अपने हकों के लिए संघर्ष करते रहे पर बीजेपी सरकार ने अनदेखा किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां/ऐलनाबाद



सिरसा। रानियां में धन्यवादी दौरे के दौरान सांसद कुमारी सैलजा व अन्य कांग्रेस नेता।

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बीजेपी सरकार में हर वर्ग दुःखी हो चुका है। किसान-मजदूर अपने हकों के लिए संघर्ष करते रहे पर बीजेपी सरकार ने उनकी मांगों को अनदेखा किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता और कार्यकर्ता चुनावों से पहले चार सौ पार का नारे लगा रहे थे पर लोगों ने इन्हें पसंद नहीं किया। मोदी की जीत की बात करें तो इतने कम मार्जिन से पीएम का चुनाव जीतना यह साबित करता है कि लोग उन्हें अब पसंद नहीं कर रहे है। कुमारी सैलजा मंगलवार को रानियां व ऐलनाबाद क्षेत्र में कार्यकर्ताओं का धन्यवादी दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव मैंने नहीं लोगों ने लड़ा है। लोगों की मांग थी कि कुमारी सैलजा को सिरसा से चुनाव लड़ाओ तो आपकी मांग हाईकमान ने सुनी और मुझे यहां से मैदान में उतारा। कुमारी सैलजा ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान हमारे कार्यकर्ताओं ने मेहनत करके मुझे चुनाव जिताया है। सैलजा ने कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनावों में आप सभी ने एकजुटता दिखाते हुए चुनाव जीता है उसी प्रकार अब विधानसभा चुनावों में भी काम करना है। जब हमारे विधायक जीतेंगे तो ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और आप सबके काम होंगे। लोगों को लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा। किसी प्रकार की आईडी या कागजात तैयार करवाना है तो उसको सरल किया जाएगा। इस मौके पर पंजाब के पूर्व मंत्री हंसराज जोशन, कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, डॉ. केवी सिंह, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, एडवोकेट संदीप नेहरा, पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल, राम कुमार खैरेकां, राम सिंह सोलंकी चेयरमैन नगर परिषद ऐलनाबाद, संतोष बैनीवाल, पवन बैनीवाल, पूर्व विधायक लालचंद खोड, गोपीराम चाडीवाल, राजेश चाडीवाल, लादूराम पुनिया, मलकीत सिंह खोसा, अनिल खोड, वीरभान मेहता आदि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने देश को पीछे ले जाने के सिवाय कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने ही विकास किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ने मुझे जहां पहुंचाया है उसके बाद मेरी जम्मिवारी और भी ज्यादा बढ़ गई है। आपकी आवाज को बुलंद किया जाएगा।

### विधानसभा चुनाव में बनेगी कांग्रेस की सरकार

इसी प्रकार के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशियों को विधानसभा में भेज कर कांग्रेस की सरकार बनानी है। उसके बाद हम सब मिल कर लोगों के हितों के फैसले लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही लोगों के हितों की रक्षा कर सकती है। पिछले साल बाढ़ से जो फसलों को नुकसान हुआ था अब तक उसका मुआवजा नहीं मिला है। लोग धरने दे रहे है। अब विधानसभा चुनावों में भी लोग बीजेपी को आइना दिखाएंगे क्योंकि बीजेपी सरकार ने जिस प्रकार से लोगों को तंग किया है उसके चलते लोग बीजेपी सरकार से पीछा छुड़ाना चाहते है। अब विधानसभा चुनावों में वक्त कम है सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारियों में जुट जाएं। ऐलनाबाद में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं और नेताओं का धन्यवाद करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में लगभग सभी गांवों में उन्हें जीत मिली इसका श्रेय आप सभी को जाता है आपकी मेहनत ने मुझे आपकी सेवा करने का मौका दिया है, जो भी काम होगा जो भी समस्या होगी उस ओर ध्यान दिया जाएगा। कुछ काम राज्य सरकार के स्तर के होते पर है पर कोई बात नही तीन माह इंतजार करो, विधानसभा चुनाव होने है और प्रदेश में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी।



फतेहाबाद। भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी राज्य कमेटी की मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारी।

## देश की जनता ने भाजपा को नकारा : तेजिन्द्र सिंह

- आरएमपीआई की राज्य कमेटी की बैठक, सदस्यता अभियान चलाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी, राज्य कमेटी की मीटिंग राज्य अध्यक्ष आजाद सिंह मिरान की अध्यक्षता में लाजपत पार्क के पास मजदूर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य महासचिव तेजिन्द्र सिंह रतिया ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने भाजपा को नकार दिया है। 10 साल बाद देश की संसद एक मजबूत विपक्ष जनता ने दिया है। देश की तानाशाह भाजपा सरकार को हराया है। भविष्य में भी इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की जरूरत है। तेजिन्द्र सिंह ने कहा कि देश की जनता ने धार्मिक धुरवीकरण करने वाली ताकत को पछाड़ कर संविधान के पक्ष में जनादेश दिया है। तीसरी बार भाजपा सरकार बनना देश के लिए खतरे की घंटी है। ऐसे में उनकी पार्टी ने फैसला लिया है कि मजदूरों, किसानों, निर्माण मजदूरों, महिलाओं की सुरक्षा, निजिकरण के खिलाफ, छात्रों-नौजवानों के हकों के लिए लामबंद होकर संघर्ष तेज करेगी। केन्द्र की फासीवाद सरकार के खिलाफ जनता को जागरूक करने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। तेजिन्द्र रतिया ने कहा फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, हिसार, यमुनानगर में 25 जून से पार्टी सदस्यता व चंदा अभियान चलाया जाएगा तथा 5 अगस्त को हिसार में पशुपालकों व किसानों की महापंचायत की जाएगा उन्होंने बताया कि पार्टी कैडर की जागृति व पार्टी प्रोग्राम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 24-25 अगस्त राज्य स्तरीय वर्कशॉप फतेहाबाद में की जाएगी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड मंगतराम पासला मुख्य वक्ता शिरकत करेंगे।

## लू से तपते लोगों को पिलाया शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/जाखल



जाखल। राहगीरों को पानी पिलाते बच्चे।

मंगलवार को निर्जला एकादशी पर जिलेभर में लोगों ने जगह-जगह ठंडे व मीठे जल की छबील लगाई। सड़कों के किनारों पर राहगीरों ने तपती धूप में ठंडा-मीठा पानी पीकर राहत महसूस की। निर्जला एकादशी का पुण्य पाने के लिए फतेहाबाद में भी अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा छबीलें लगाई गई। जाखल में छोटे छोटे बच्चों ने शहर के बाबा चौक के पास पानी की सेवा दी तो कही लंगर की, तो वही शहर में कहीं तरबूज बांटा गया। मंगलवार को सूर्यदेव के प्रचंड रूप के चलते हर कोई गर्मी से परेशान था। गर्मी से निजात पाने के लिए पूरा दिन लोगों ने छबीलों का सहारा लिया। लोगों द्वारा श्रद्धाभाव से कई स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। जाखल के चंडीगढ़ रोड़, मास्टर कलोनी, बलरा रोड में भी लोगों ने राहगीरों को रोक-रोक कर मीठा पानी पिलाया। बता दें कि पानी की सेवा सवार्ेपरी है। गर्मी में प्यासे लोगों को पानी पिलाने से मन को संतुष्टि मिलती है। नन्हे-मुन्ने बच्चों का श्रद्धाभाव देखते ही लोगों में प्रेम बनता जा रहा था।

निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में अनेक श्रद्धालुओं ने पानी की सेवा देकर पुण्य कमाया। इस मौके पर अग्रिम सिंगला, रितिक राव, जतिन, वंश, खुश, शिवम, राशिक, पशंत, निमिष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 21 को

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय, फतेहाबाद में 21 जून को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में एसआईएस कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों की भर्ती हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस मेले में साक्षात्कार में भाग लेने हेतू प्रार्थी की योग्यता दसवीं पास तथा शारीरिक मापदंड में प्रार्थी की लंबाई 168 सेंटीमीटर, आयु सीमा 19 वर्ष से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इन पदों पर चुने जाने वाले प्रार्थियों को 17000 रुपये से 19000 रुपये वेतनमान के रूप में दिए जाएंगे।

## होशियार बने कुलां ट्रक यूनियन के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल



जाखल। कुलां ट्रक यूनियन के प्रधान होशियार सिंह को बधाई देते चालक।

क्षेत्र के ट्रक ऑपरेटरों की बैठक मंगलवार को कुलां ट्रक ऑपरेटर यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक में शामिल सभी ट्रक व ट्राला ऑपरेटरों ने गांव धारसूल कलां निवासी होशियार सिंह पर विश्वास जताते हुए सर्वसम्मति से उन्हें कुलां ट्रक ऑपरेटर यूनियन का प्रधान चुना। ट्रक यूनियन का प्रधान चुनने पर नवनियुक्त प्रधान होशियार सिंह ने सभी ट्रक ऑपरेटरों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ट्रक ऑपरेटरों ने कहा कि इससे पहले जोरा सिंह कुलां ट्रक आपरेटर यूनियन के अध्यक्ष थे, लेकिन व्यवसाय के सिलसिले में उनके अधिक व्यस्त रहने के चलते नए प्रधान का चयन किया गया है। इसके बाद अब शेष कार्यकारिणी भी जल्द ही बनाई जाएगी। द कुलां ट्रक ऑपरेटर यूनियन का पदभार ग्रहण करने पर नवनियुक्त अध्यक्ष होशियार सिंह ने कहा कि ट्रक चालकों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। ट्रक यूनियन और उद्यमियों के बीच एक ऐसा माहौल तैयार किया जाएगा, जिससे उद्योग भी चलते रहे और ट्रक चालकों को भी नुकसान न हो। उन्होंने बताया कि जल्द ही नई संतुलित कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें यूनियन के लिए समय निकालने वाले कर्मठ और ईमानदार लोगों को जोड़ा जाएगा। इस मौके पर रमेश धारसूल, रोहित सिंह जापतेवाला, गुरप्रीत गोपी कुलां, अवतार तारी कुलां आदि रहे।

## सब्सिडी पर दिया जाएगा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य मे अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता मे कमी की जा सके। इस योजना से पर्यावरण को फायदा मिलेगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की जा चुकी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोमवार को अंबाला में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में इस योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिस परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सौलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी रा'य सरकार द्वारा दी जाएगी। योजना के तहत लगाए जाने वाले सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता 300 यूनिट मासिक तक है।

## गोशाला में नए ट्रैक्टर की खरीद पर कमेटी व गोसवकों ने बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

श्री गोपाल कृष्ण गौशाला भूना में रविवार को गौशाला कमेटी ने नया आयशर ट्रैक्टर खरीद किया। ट्रैक्टर के गौशाला प्रवेश के दौरान मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई और माला डालकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कमेटी के प्रधान घनश्याम बंसल ने बताया कि गौशाला में लगभग 22सौ से अधिक गोवंश हैं, इसलिए हरा एवं सुखा चारा डालने व गांवों से कटाई करके लाने में लंबे समय से दिक्कत हो रही थी। कमेटी ने समस्या समाधान के लिए करीब पौने चार लाख की लागत से ट्रैक्टर परचेज किया। गौशाला में ट्रैक्टर पहुंचने पर कमेटी व गोसवकों ने लड्डू बांटकर नए ट्रैक्टर की खुशियां मनाई गई। इस मौके पर गौशाला कमेटी के प्रधान घनश्याम बंसल, नंदलाल कंबोज, प्रदीप बंसल, श्यामलाल बंसल, साईदिता राम कक्कड़, दलबीर सिंह, रमेश कुमार मित्तल आदि मौजूद रहे।



भूना। श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में नए ट्रैक्टर का स्वागत करते हुए कमेटी के सदस्य।

## धौलू की टीम गोल्ड एवं सिल्वर मेडलिस्ट बनी



भूना। राजकीय विद्यालय धौलू के गोल्ड एवं सिल्वर मेडलिस्ट छात्र खिलाड़ियों के साथ अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

जिला स्तरीय प्री-सुब्रोतो फुटबाल कप अंडर 17 आयु वर्ग के लड़के व लड़कियों की प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू के छात्र खिलाड़ियों ने परचम लहराया। अंडर 17 आयु वर्ग की लड़कियों ने फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और लडकों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रभारी हरविंदर बागड़ी ने बताया कि छात्र खिलाड़ियों की तैयारी डीपीई जसवंत सिंह व कोच प्रिंस धौलू द्वारा करवाई गई थी। प्रिंसिपल डॉ. विजेंदर सिंह व सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार तथा एसएमसी प्रधान राजबाला ने स्कूल की गोल्ड एंड सिल्वर मेडलिस्ट टीम को बधाई दी। इस अवसर पर एसएमसी उपप्रधान रामकुमार, हंसराज गेदर, अमर सिंह, महावीर पंच, संदीप कुमार, बलवान सिंह, मदन सिंह, सुभाष चंद्र व रामकुमार आदि ने विजता व उपविजेता टीम को मिशन गर्मी में महत्वपूर्ण उपलब्धि की बधाई दी।

### फुटबाल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 20 को

**भूना।** राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में जिला फुटबाल संघ फतेहाबाद के तत्वावधान में 20 जून को राज्य स्तरीय खेलों के लिए जूनियर वर्ग के लड़के व लड़कियों की टीम चयनित के लिए ट्रायल होंगे। फुटबाल संघ के जिलाध्यक्ष जयदीप बराला व जिला सचिव राजेश कुमार ने बताया कि राज्य स्तर में से चयनित खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ट्रायल प्रतियोगिता में लड़के आयु वर्ग 2009 व 2010 तथा लड़कियों में 2008 व 2009 भाग ले सकेंगे। ट्रायल के दिन जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड खिलाड़ियों को साथ लाना अनिवार्य है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को ट्रायल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

### 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निकाली योग जागरण यात्रा

# योग से होगा सब समस्याओं का समाधान: योग सहायक

- आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार क्षेत्र के कई गांवों में योग जागरण यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव किरढ़ान में योग जागरण यात्रा में भाग लेते आयुष योग सहायक व ग्रामीण।

आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार आयुष विभाग जिला फतेहाबाद की आयुर्वेदिक जिला अधिकारी डॉ. रितु भाटिया व योग समन्वयक डॉ. अजीत कुमार के निर्देशानुसार 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांव किरढान व सिरढान में आयुष योग सहायक संजय कुमार व सतवीर सिंह के नेतृत्व में योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस दौरान संजय कुमार व सतवीर सिंह ने बताया कि योग से ही मात्र हम हर प्रकार का समाधान पा सकते हैं। चाहे वह शारीरिक हो, चाहे मानसिक। क्योंकि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति जितना तनाव भरा जीवन व्यतीत कर रहा है। उससे कहीं ना कहीं निजात पाने के लिए हमे योग की शरण में आना ही होगा। योग हमारे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक सामर्थ्य का विकास करके हमें मानव से महामानव बनाता है। योग हमें वसुदेव कुटुंबकम ,विश्वबंधुत्व सहअस्तित्व एवं एकत्व में प्रतिष्ठित करके हमारी संपूर्ण न्यूनताओ, अपूर्णताओं, दुर्बलताओं व समस्त मानवीय पराधीनताओं से हमें मुक्ति प्रदान करके हमारे भीतर समस्त प्रकार की पूर्णता का समावेश करता है। आयुष योग सहायकों ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें व प्रतिदिन इसे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाकर खुद स्वस्थ रहते हुए औरों को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने बताया कि दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्षय में भट्टू ब्लॉक के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम भट्टू कला में होगा व जिला स्तर पर कार्यक्रम फतेहाबाद में होगा।

### पिलछियां में मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव पिलछियां में एक मकान में घुसकर वहां से लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पिलछियां निवासी मनप्रीत सिंह ने कहा है कि रात को अज्ञात चोर सीढी के ऊपर लगे दरवाजे की कुंडी तोड़कर उसके मकान में घुस गए औश्र अलमारी की चाबी उठाकर अलमारी को खोल लिया। चोरों ने वहां से तीन सोने के सेट, एक चैन, सोने की बालियां, इंअंगूठियां, एक एलईडी और 40 हजाररुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। सुबह जब वह उठे तो उन्हें चोरी का पता चला।